स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

दिनांक 19.01.2018

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त श्री के0एल0 चौहान के द्वारा राज्य शहरी विकास अभिकरण व्दारा प्रदत्त निर्देशानुसार नगर निगम भिलाई क्षेत्रान्तर्गत स्वच्छ सर्वेक्षण 2018 छोटा भीम केप्टन के तहत् विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। कौन–कौन से बिन्दु पर आयोजित किये जाने वाले प्रतियोगिता के संबंध में निगम आयुक्त के द्वारा आवश्यक बैठक लेकर पूर्व में ही समस्त जोन आयुक्त एवं शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिये गये थे। इस अभियान को सफल बनाने के संबंध में निगम आयुक्त के द्वारा निगम महापौर, सभापति, पार्षदों के साथ बैठक आयोजित की गई थी तथा जोनवार जोन अध्यक्ष पार्षद एवं जोन आयुक्त की टीम तैयार कर इस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता हेतु नगर पालिक निगम, भिलाई के द्वारा तय किये गए बिन्दुओं में जोन 01 स्वच्छ होटल प्रतियोगिता, जोन 02 स्वच्छ हास्पिटल, जोन 03 स्वच्छ बाजार, जोन 04 सफाई मित्रों की चैम्पियनशिप, जोन 05 स्वच्छ मोहल्ला, जोन 06 जन शौचालय प्रतियोगिता के अंतर्गत अपने–अपने प्रभार क्षेत्रों में सर्वेक्षण और मुल्यांकन का कार्य अपने टीम के साथ पूर्ण कर सभी जोन 1,2,3,4,5 व 6 के द्वारा प्रतियोगिता आयोजित कर परिणाम घोषित किये गये है।

संस्थागत् प्रतियोगिता में प्रचार और शाला विकास तथा प्रबंधन समिति के द्वारा पांच प्रकार के प्रतियोगिता आयोजित की गई थी जिसमें स्वच्छता पर आधारित निबंध प्रतियोगिता, लघुकथा लेखन, पोस्टर निर्माण, नारा लेखन एवं स्वच्छता पर आधारित फोटोग्राफ्स का संकलन संस्था प्रमुखों द्वारा परिणाम के साथ उपलब्ध कराया है।

विभिन्न बिन्दुओं पर आयोजित प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार हैः– स्वच्छ विद्यालय– 02 मिडिल, हाई एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल (कक्षा 6 वीं से 12 वीं तक), सम्मानित प्रतिभागी का नाम स्लोगन– प्रथम जया, द्वितीय दीपांशि अग्रवाल, तृतीय मशुमाला, पोस्टर– प्रथम हिमानी, द्वितीय एन्जन टोप्पों, तृतीय लता, लघुकथा– प्रथम ममता, द्वितीय रितिका, निबंध– प्रथम चान्दनी, द्वितीय गौरव अग्रवाल, तृतीय जी. श्रीलता, स्वच्छ होटल प्रतियोगिता– प्रथम अमित पार्क, द्वितीय अमित इन्टरनेशनल, तृतीय वत्स इन्टरनेशनल, स्वच्छ हास्पिटल प्रतियोगिता– प्रथम चन्दुलाल चन्द्राकर मेमोरियल हास्पिटल, द्वितीय स्पर्श मल्टी स्पेस्लिटी, तृतीय प्रदय नर्सिंग होम, स्वच्छ बाजार प्रतियोगिता– प्रथम आकाश गंगा सब्जी मण्डी वार्ड 6, द्वितीय मटन, मछली मार्केट वार्ड 34, तृतीय रुआबांधा मार्केट वार्ड 63, 15 लोगों को स्वच्छता दूत चयनित किया गया। स्वच्छ मोहल्ला प्रतियोगिता– प्रथम ड्रिम होम अपोलो अस्पताल स्मृति नगर, द्वितीय सूर्या रेसीडेन्सी जुनवानी, तृतीय चौहान ग्रीन वेली जुनवानी, चतुर्थ वंदेमातरम् अपार्टमेंट स्मृति नगर, पंचम कृष्णा ग्राण्ड सिटी, षष्टम सूर्या अपार्टमेंट माडल टाउन, सप्तम बालाजी अपार्टमेंट मैत्रीकुज रिसाली, जनशौचालय प्रतियोगिता– प्रथम वार्ड 3 सुविधा 24 कोसानगर, द्वितीय वार्ड 35 बाबा बालक नाथ मंदिर के पास, तृतीय वार्ड 13 राजीव नगर सार्वजनिक शौचालय, चतुर्थ वार्ड 63 रुआबांधा गांधी चौक सार्वजनिक शौचालय।

नगर पालिक निगम भिलाई के प्रभारी शिक्षा अधिकारी वाई.आर.के. राव के द्वारा उक्त जानकारी उपलब्ध कराई गई है।

मानव नेत्र
फोटोग्राफिक कैमरा
TEJAS
VIKRANT